केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली -110032

फा.सं.सी27013/01/2016/परिपत्र/रा.भा./ 899   दिनांक: 13.03.2019

परिपत्र

केंद्रीय बोर्ड की 87वीं विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 27.12.2018 को सम्पन्न बैठक में अध्यक्ष, केंद्रीय बोर्ड द्वारा कार्यालय की वार्षिक हिन्दी गृह पत्रिका के प्रकाशन हेतु अनुमोदन किया गया था। उक्त बैठक का कार्यवृत सभी प्रभाग प्रभारियों को सूचनार्थ एवं उचित अनुवर्ती कार्रवाई हेतु अग्रेसित किया गया था, परंतु अभी तक किसी भी प्रभाग से हिन्दी गृह पत्रिका हेतु प्रकाशन सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। अत: केंद्रीय बोर्ड के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों से अनुरोध है कि इच्छुक अधिकारी / कर्मचारी, राजभाषा हिन्दी / अन्य गैर-तकनीकी विषयों पर अपने स्वलिखित हिन्दी लेख आदि (मौलिक प्रमाणपत्र सहित) 30 अप्रैल, 2019 तक हिन्दी प्रभाग को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें, ताकि हिन्दी गृह पत्रिका का प्रारूप अध्यक्ष महोदय के समक्ष प्रकाशन की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जा सके।

साथ ही जन संपर्क प्रभाग से अनुरोध है कि वे केंद्रीय बोर्ड के वर्ष 2017-18 की वार्षिक रिपोर्ट के महत्वपूर्ण तथ्यों का संक्षिप्तिकरण हिन्दी पत्रिका हेतु प्रेषित करें ।

13/03/19

प्रभारी- डब्ल्यूएम-I प्रभाग

(शीतल प्रसाद)
प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)

वितरण:

1. सभी प्रभाग प्रभारी मुख्यालय - कृपया इसे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में परिचालित करें।
2. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड के निजी सचिव
3. सदस्य सचिव के निजी सचिव
4. प्रभारी, आई.टी. प्रभाग - केन्द्रीय बोर्ड के इंट्रा पोर्टल पर अपलोड हेतु।
5. प्रभारी, जन संपर्क विभाग
6. सभी सूचना पट्ट